# LIVESTOCK RESEARCH STATION: BEECHWAL

**(RAJASTHAN UNIVERSITY OF VETERINARY & ANIMAL SCIENCES: BIKANER)**


**Dr. Sita Ram Gupta**
**OFFICER INCHARGE**
**Mob : 9413205638**
**Email: lrsbeechwal@gmail.com**

**Bijey Bhawan Palace**
**Veterinary College Campus**
**Bikaner 334 001**
**Rajasthan, India**


**No. F ( )/LRS Beechwal/2022-23/** 435 **Dated :** 17.02.2023

## दुग्ध विकय – निविदा सूचना (01/2023)

पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल, बीकानेर, राजस्थान पर थारपारकर गायों के दूध का विकय 01.04.2023 से 31.03.2024 के लिए किया जाना है अतः संबंधित इच्छुक ठेकेदारों/फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्न लिखित है:

| क.सं. | अनुबंध के कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र शुल्क | अनुमानित वार्षिक मूल्य (रूपये) | बोली प्रतिभूति राशि (रूपये) | निविदा प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केन्द्र के बीछवाल स्थित फार्म से थारपारकर गाय का प्रातः एवं सांय 01.04.2023 से 31.03.2024 तक दुग्ध विकय करना। | रू. 500.00 | रू. 3200000.00 | रू. 64000.00 | **16.03.2023 (शाम 05.00 बजे तक)** | **17.03.2023 (सुबह 11.00 बजे)** |

उपरोक्त कार्य हेतु निर्धारित निविदा प्रपत्र 21.02.2023 से 16.03.2023 शाम 4.00 बजे कार्यालय समय में प्रभारी अधिकारी, कार्यालय पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल, वेटनरी कॉलेज परिसर, बीकानेर, राजस्थान" से प्राप्त कर अन्तिम तिथि एवं समय (16.03.2023 को शाम 05.00) तक बोली प्रतिभूति राशि नगद अथवा रेखांकित बैंक ड्राफ्ट राशि सहित जमा कराये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र, नियम एवं शर्ते विश्वविद्यालय की वेबसाईट http://rajuvas.org/ एवं https://sppp.rajasthan.gov.in/sppp/index.php पर देखी जा सकती है। (UBN.VAU2223GLOB00174)

संलग्न :– दूग्ध विक्रय निविदा प्रपत्र मय शर्ते

(सीता राम गुप्ता)
प्रभारी अधिकारी

# LIVESTOCK RESEARCH STATION: BEECHWAL

**(RAJASTHAN UNIVERSITY OF VETERINARY & ANIMAL SCIENCES: BIKANER)**

**Dr. Sita Ram Gupta**
**OFFICER INCHARGE**
**Mob : 9413205638**
**Email: lrsbeechwal@gmail.com**

**Bijey Bhawan Palace**
**Veterinary College Campus**
**Bikaner 334 001**
**Rajasthan, India**

दूग्ध विक्रय–निविदा प्रपत्र

1. निविदा प्रपत्र शुल्क – रू. 500.00
2. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय – दिनांक 16.03.2023 को शाम 04.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा कराने की अन्तिम तिथि एवं समय – दिनांक 16.03.2022 को शाम 05.00 बजे तक
4. निविदा खोलने का समय – दिनांक 17.03.2023 को प्रात: 11.00 बजे
5. **निविदा सन्दर्भ No.F()/LRS Beechwal/2022-23/** 435 दिनांक : 17.02.2023

| कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित अवधि | बोली प्रतिभूति राशि (रूपये) | बोली प्रतिभूति राशि का विवरण |
|---|---|---|---|
| पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल फार्म से गाय का प्रतिदिन प्रातः एवं सांय दुग्ध विक्रय | 1.04.2023 से 31.03.2024 | रू. 64000/– | |

6. मैने निविदा मे वर्णित सभी शर्तें ध्यान से पढ़ ली है और पूर्ण रूप से समझ ली है। मैं निविदा की सभी शर्तो से पूरी तरह से सहमत हूँ। उपरोक्त शर्तो के अनुसार मैं पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल से गाय का दुग्ध रू..............................(रूपये..........................................................................) प्रति लीटर की दर से भुगतान करके खरीदने को सहमत हूँ।

**निविदादाता के हस्ताक्षर** ..............................................
**नाम और पता** ..............................................
..............................................

थारपारकर गाय के दूग्ध विक्रय हेतु निविदा की शर्तें

1 निविदा प्रस्तुत करने के लिए प्रत्येक निविदादाता को मोहरबन्द निविदा प्रपत्र के साथ बोली प्रतिभूति राशि रूपये 64000/– प्रभारी अधिकारी, पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल के नाम नगद/रेखाकित बैंक ड्राफ्ट के द्वारा जमा करानी होगी। बिना बोली प्रतिभूति राशि के निविदा प्रपत्र मान्य नहीं होगा उक्त निविदा हेतु प्रस्तुत दरें 01 अप्रेल 2023 से 31 मार्च 2024 तक मान्य रहेगी।

2 निविदा में निविदादाता की कोई शर्त मान्य नही होगी। न्यूनतम निविदा दर 40.00 रूपये प्रति लीटर रहेगी। किसी भी प्रकार के विवाद में कमेटी का अंतिम निर्णय सभी को मान्य होगा।

3 कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि 160000/– रूपये है। निविदा पक्ष में स्वीकृत होने पर सफल निविदादाता को कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि 1,60000/– रूपये जमा करानी होगी। कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि 160000/– रूपये ठेका अवधि के दौरान जमा रहेगी। ठेके को संतोषजनक पूरा करने पर ठेकेदार को कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि बिना ब्याज के लौटा दी जायेगी, यदि ठेके के दौरान ठेकेदार द्वारा केन्द्र पर किसी भी प्रकार की क्षति पहुंचाई गई तो कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जायेगी तथा क्षति का भुगतान कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि के अलावा ठेकेदार को अलग से करना होगा।

4 सफल निविदादाता को स्वीकृत आदेश जारी करने के उपरान्त रूपये 500/– (पाँच सौ रूपये) के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर प्रभारी अधिकारी, पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल के पक्ष में अनुबन्ध भरकर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि एवं अनुबन्ध पत्र जमा कराने पर ही दूग्ध दिया जाना प्रारम्भ किया जाएगा।

5 स्वीकृति आदेश प्रभारी अधिकारी, पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल के द्वारा जारी होने के बाद स्वीकृत दर पर ठेकेदार द्वारा प्रतिदिन उठाये गये दूग्ध का भुगतान कार्यालय में निर्धारित समय पर नगद राशि द्वारा करना अनिवार्य होगा।

6 प्रथम उच्च दर पार्टी के असफल होने की स्थिति में उसकी जमानत राशि जब्त करते हुए ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।

7 दूसरे नम्बर के उच्चतम दर वाले फर्म की जमानत राशि 15 दिन के लिये कार्यालय में जमा रहेगी।

8 अधिकतम दर को स्वीकार करना, अपरिहार्य कारणों से ठेके की अवधि घटाना तथा बिना कारण बताये निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार प्रभारी अधिकारी, पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल को रहेगा। जिसके लिए सफल निविदादाता को किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति देय नही होगी और निविदादाता का कोई एतराज मान्य नहीं होगा।

9 प्रातः एवं सांय दूग्ध दुहने का समय नियत है। ठेकेदार दूग्ध दुहने के समय स्वयं व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हो सकेगा। वह दूग्ध दुहने से लेकर तौल तक सम्पूर्ण प्रक्रिया में उपस्थित रह सकेगा ताकि दूग्ध में मिलावट/गुणवत्ता सम्बन्धित मिथ्या आरोप की संभावना नहीं रहे। दूग्ध जैसा उत्पादित होगा, उसी मानक का लेना होगा। दूग्ध उठाने से पूर्व दूग्ध की गुणवत्ता की जाँच की जिम्मेदारी आवेदक की होगी। दूग्ध की कम्पोजिशन गुणवत्ता के सबंध मे फार्म कार्यालय का कोई उत्तरदायित्व नही होगा।

10 दूग्ध का उत्पादन प्रातः, सांय, दैनिक, मासिक या वर्ष भर समान नहीं रहता। जितना उत्पादन होगा उसमें से केन्द्र पर दूग्ध उत्पाद बनाने एवं अनुसंधान कार्य को देने के बाद शेष दूग्ध ही सफल निविदादाता को दिया जायेगा, इस पर निविदादाता को किसी भी प्रकार की आपत्ति नही होगी। प्रतिदिन (प्रातः एव सांय) विक्रय किये जाने वाले दूग्ध की मात्रा में असमानता रहती है।

11 दूग्ध दुहने के पश्चात् ठेकेदार को समय पर दूग्ध ले जाना होगा। यदि ठेकेदार द्वारा विलम्ब से दूग्ध ले जाया जाता है तो दूग्ध खराब होने के कारण इसकी जिम्मेदारी विभाग की नहीं होगी इसके लिए ठेकेदार स्वयं जिम्मेदार होगा। यदि निर्धारित समय पर सफल निविदादाता द्वारा दूग्ध नहीं उठाया जाता है तो विश्वविद्यालय/विभाग दूग्ध निस्तारण के लिए स्वतंत्र होगा। ऐसी परिस्थिति में यदि निर्धारित मूल्य से कम आय प्राप्त होती है तो अन्तर की राशि आवेदक (निविदादाता) को वहन करनी होगी और उसे अन्तर राशि अविलम्ब जमा करानी होगी।

12 ठेकेदार डेयरी परिसर मे किसी भी बाहरी व्यक्ति को दूध विक्रय नहीं करेगा।

13 खाद्य पदार्थ बिकी संबंधी अधिनियम के तहत लाइसेंस लेना एवं उससे संबन्धित समस्त कार्यवाही ठेकेदार को अपने स्तर पर करनी होगी। अनुबध की अवधि पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल के हित में घटाई या बढ़ाई जा सकती है जिसकी पालना करने के लिये ठेकेदार बाध्य होगा।

14 दरें सही (बाजार भाव के अनुरूप) प्राप्त नही होने पर अगर कमेटी चाहे तो निविदादाताओं मे प्रतियोगी बातचीत द्वारा दरें निर्धारित करवा सकेगी। किसी भी प्रकार विवाद में अद्योहस्ताक्षरकर्ता एवं कमेटी का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

15 किसी भी वाद का क्षेत्र बीकानेर होगा।

**निविदादाता के हस्ताक्षर** ..............................................
नाम, पता ..............................................
..............................................